दिन– गुरूवार दिनांक– 27/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के अंतिम दिन आज भी दोनों सदनों में विपक्षी सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर जोरदार हंगामा किया। कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा के पोर्टिको में राजद, कांग्रेस और माले के विधायकों ने वक्फ संशोधन विधेयक, पैंसठ फीसदी आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने और भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर नारेबाजी की। विपक्षी सदस्यों ने सदन की कार्यवाही के दौरान भी इन्हीं मुद्दों को लेकर नारेबाजी और हंगाम किया। वहीं, प्रश्नकाल के दौरान प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेम कुमार और विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोंक–झोंक भी दिखी। माले के वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता के कृषि संबंधित सवाल के जवाब पर मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी की, जिसपर प्रेम कुमार काफी नाराज दिखे। इधर, विधान परिषद में गैर सरकारी सदस्यों के विधेयक और संकल्प समिति की रिपोर्ट पर चर्चा की जा रही है।

————————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने आज आय से अधिक संपत्ति और भ्रष्टाचार के मामलों में जेल में बंद भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजीव हंस के पटना स्थित कई ठिकानों पर छापेमारी की। ऊर्जा विभाग के पूर्व सचिव हंस और उनके कई सहयोगियों पर धन शोधन, भ्रष्टाचार के मामलों और टेंडर फाइनल करने के आरोप हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि ईडी ने पटना के दानापुर और अनिसाबाद में भवन निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता तारणी दास के ठिकानों पर भी छापेमारी की है। इस दौरान भारी मात्रा में नकदी और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। नोट गिनने के लिए मशीन भी मंगानी पड़ी। इधर, रिश्वतखोरी के आरोपों में कई सरकारी अधिकारियों और इंजीनियरों के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में चैती छठ महापर्व की तैयारियां शुरू कर दी गयी है। इस वर्ष पर्व की शुरूआत एक अप्रैल को नहाये–खाये से होगी। दो अप्रैल को खरना,

जबकि तीन अप्रैल को सांध्यकालीन अर्घ्य दिया जाएगा। चार अप्रैल को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किये जाने के साथ पर्व का समापन होगा। पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने सभी छठ घाटों पर सुरक्षा और सुविधा के इंतजाम करने के निर्देश दिये हैं। पर्व के दौरान सभी संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की जायेगी।

————————————————————

तेज पछुआ हवा के कारण राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों के तापमान में बड़ी वृद्धि दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान उनतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पटना, गया, भागलपुर, बांका, खगड़िया समेत राज्य के कई जिलों में लोगों को गर्म हवा का सामना करना पड़ रहा है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि राज्य के अधिकतर भागों के तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा। विभाग ने इस माह के अंत में कुछ स्थानों पर लू जैसी स्थिति बनने की भी संभावना व्यक्त की है।

————————————————————

आज विश्व रंगमंच दिवस है। यह दिवस हर वर्ष सत्ताईस मार्च को कलाकारों और सांस्कृतिक आदान–प्रदान तथा मानवीय अभिव्यक्ति में इसकी भूमिका के सम्मान में मनाया जाता है। इस साल का विषय है– **रंगमंच और शांति की संस्कृति।** इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

————————————————————

भोजपुर जिला मुख्यालय, आरा में एक दिवसीय एमएसएमई जागरूकता सह निबंधन कैम्प का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के निर्देश पर किया गया है।

————————————————————

शेखपुरा जिला नियोजनालय ने जिले में कैम्प लगाकर उनचास अभ्यर्थियों को विभिन्न रोजगार के लिए चयनित किया है। यह जानकारी जिला सूचना और जनसंपर्क अधिकारी सौरभ भारती ने दी है।

————————————————————

समस्तीपुर के पटेल मैदान स्थित इंडोर हॉल में आज से चार दिवसीय अंतर जिला जूनियर एवं सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता की शुरूआत हो गयी। बिहार बैडमिंटन संघ के सचिव के. एम. जायसवाल ने इसका उद्घाटन किया।

———————————————————————

रोहतास जिले में सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों ने आज ओपीडी सेवा ठप रखी। चिकित्सक विभिन्न जिलों में बायोमिट्रिक हाजिरी नहीं बनने पर जिलाधिकारी की कार्रवाई को अनुचित ठहराते हुए आंदोलन कर रहे हैं।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।